उत्तर-पूर्व पर्यटन के 2019 तक 12 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

drishtiias.com/hindi/printpdf/with-better-air-connectivity-north-east-rising-on-tourist-map

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा है कि उत्तर-पूर्व बुनियादी ढाँचे और एयर कनेक्टिविटी के बेहतर हो जाने के कारण पर्यटकों के लिये पसंदीदा स्थान बन गया है और 2019 में पर्यटकों की संख्या में 10-12 फीसदी तक बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। पिछले साल इसी अवधि (अप्रैल-जून) की तुलना में इस वर्ष उत्तर-पूर्व में पर्यटकों की संख्या 18 प्रतिशत बढ़ी है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- बेहतर बुनियादी ढाँचे और एयर कनेक्टिविटी ने इस विशाल क्षेत्र में पर्यटन विकास को गति देने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है जिसमें आठ राज्य शामिल हैं।
- पिछले साल इस क्षेत्र में खुलने वाले नए मार्गों के साथ एयर कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है। शिलॉन्ग को चेरापूंजी और मावलिनोंग जैसे मेघालय के अन्य प्रमुख पर्यटक स्थलों की यात्रा के लिये एक केंद्र के रूप में उपयोग करके नई उड़ानों की शुरुआत की गई है।
- पकीओंग (सिक्किम) का नया हवाई अड्डा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये राज्य के उत्तरी हिस्से, खासकर नाथू ला पास तक पहुँच जाएगा|
- अधिकांश पर्यटक दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और गुवाहाटी जैसे महानगरों से आते हैं जिनकी आयु 25-50 साल के बीच होती है।
- हालाँकि, दूसरी या तीसरी बार यात्रा करने वाले यात्री, उत्तर-पूर्व के आकर्षण, जीवनशैली और इस क्षेत्र की संस्कृति और व्यंजनों को समझने के लिये अपनी यात्रा करते हैं।
- उत्तर-पूर्व क्षेत्र का चयन करने वाले यात्रियों की उच्च वृद्धि का कारण न केवल बेहतर सड़क बुनियादी ढाँचा और रेल कनेक्टिविटी है, बल्कि नई दिल्ली और मुंबई के लिये आसान उड़ान संपर्क को भी इसका श्रेय दिया जा सकता है|
- इसके अलावा, इस क्षेत्र में अधिक संख्या में होटल खुल रहे हैं, जिससे यात्रियों के लिये उन जगहों पर आवास ढूंढना आसान हो गया जहाँ पहले संपर्क की सुविधा नहीं थी।
- जब से इस क्षेत्र में अवकाश पैकेज की शुरुआत की गई है तब से असम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय जैसे पूर्वोत्तर के स्थलों को चुनने वाले यात्रियों की संख्या में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है|
- दार्जिलिंग समेत क्षेत्र की गर्मियों में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है|
- एमएमटी प्लेटफॉर्म में गंगटोक में यात्रा बुकिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जबकि शिलॉन्ग और मेघालय में 120 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- असम-मेघालय क्षेत्र शीर्ष मेट्रो बाज़ारों में तेज़ी से लोकप्रिय हो रहा है|
- ज़ीरो म्यूज़िक फेस्टिवल और हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल जैसे संगीत महोत्सवों ने भी कई पर्यटकों को आकर्षित किया है। पिछले 2-3 वर्षों में इन आयोजनों ने उत्तर-पूर्व को युवा पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय गंतव्य बनाने में मदद की है|